वन्यजीव सप्ताह 2021 का शुभारंभ

drishtiias.com/hindi/printpdf/wildlife-week-2021

चर्चा में क्यों?

1 अक्टूबर, 2021 को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में स्थित **मालसी डियर पार्क** में 17 अक्टूबर, 2021 तक आयोजित होने वाले **वन्यजीव सप्ताह 2021** का शुभारंभ किया।

प्रमुख बिंदु

- इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि उत्तराखंड के टाइगर रिज़र्व, नेशनल पार्क, वन्यजीव अभयारण्य, कंज़र्वेशन, रिज़र्व, चिड़ियाघर, नेचर पार्क में देश भर के समस्त 18 वर्ष तक के बच्चों को नि:शुल्क प्रवेश दिया जाएगा। इससे देश के लगभग 45 करोड़ युवा छात्रों को पर्यटन से जोड़ने में मदद मिलेगी।
- मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि उत्तराखंड के स्थानीय लोगों को वनों एवं वन्यजीवों की आर्थिकी से जोड़ने के लिये **सी.एम. यंगईकोप्रिन्योर स्कीम (CM Young Ecopreneur Scheme)** की शुरुआत की जाएगी। इस स्कीम के अंतर्गत **1 लाख युवाओं को ईकोप्रिन्योर बनाया जाएगा।**
- सी.एम. यंगईकोप्रिन्योर स्कीम के अंतर्गत नेचर गाइड, ड्रोन पायलट, वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर, ईकोटूरिज़्म, वन्यजीव टूरिज़्म आधारित कौशल को उद्यम में परिवर्तित किया जाएगा।